**राजस्थान सरकार**
# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकः F7(4)vividh/Acad/2022/Part-00787/Part

कुल सचिव,
समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान।
एवं
प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।

विषय— वर्ष 2025—26 हेतु अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना के विज्ञापन को विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के नोटिस कोर्ड पर चस्पा कर वेबसाईट / वेबपेज पर अपलोड करने बाबत्।

संदर्भः— सविच, डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मुण्डला, जयपुर का पत्रांक एफ1(1)अपीज / फैलो. / 2025—26 / 167 राजकाज नं. 16316958 दिनांक 03.07.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि वर्ष 2025—26 हेतु अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना के विज्ञापन को विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों के नोटिस कोर्ड पर चस्पा कर अपने वेबसाईट / वेबपेज पर अपलोड करने का श्रम करें जिससे ज्यादा से ज्यादा शोधार्थी योजना का लाभ ले सकें।

**यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

संलग्नः— उपरोक्तानुसार

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, सविच, डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मुण्डला, जयपुर।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. शासन उप सचिव प्रथम, उच्च शिक्षा (ग्रुप—03) विभाग, जयपुर।
6. समस्त संयुक्त निदेशक एवं क्षेत्रीय सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा विभाग।
7. वेब प्रभारी, आयुक्तालय को अपलोड करने हेतु।

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2025.07.09 20:19:24 IST
Reason: Approved

(ID No.)......99......(SPS/CCE)
(Date)......8/7/25

# राजस्थान सरकार

## कार्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ)

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)
ग्राम मूण्डला, पो. रूपवास, तहसील जमवारामगढ़, जिला जयपुर, राजस्थान– 302027
Email ID :- secretaryapj@gmail.com

क्रमांक: एफ1(1)अपीज / फैलो. / 2025–26 / 167 दिनांक–यथा ई–हस्ताक्षरित

श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय, उच्च शिक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर।

विषय:– वर्ष 2025–26 हेतु अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना के विज्ञापन को राज्य में स्थित समस्त विश्वविद्यालयो एवं महाविद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि अम्बेडकर पीठ, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मूण्डला जयपुर द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान पी.एचडी शोधार्थियों हेतु अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना संचालित की जा रहीं है। जिसमें हर वर्ष क्रमशः 5 एवं 6 शोधार्थियों को फैलोशिप देने का प्रावधान है, किन्तु अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना में आज दिनांक तक एक भी शोधार्थी का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना में भी हर वर्ष 6 शोधार्थियों का चयन का प्रावधान है जिसमें से मात्र 1/2 शोधार्थियों का ही चयन हो पाता है। जिसका एक कारण योजना का प्रचार–प्रसार का अभाव है।

**अम्बेडकर फैलोशिप योजना 2024 में प्राप्त आवेदनों के अनुमोदन हेतु श्रीमान अति. मुख्य सचिव महोदय सा.न्या.एवं.अधि.विभाग, राजस्थान, जयपुर की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में दिनांक 08.02.2024 को राज्य अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें आप भी सदस्य थे। योजना में प्राप्त आवेदनों की संख्या में भारी कमी को देखते हुए समिति ने निर्णय लिया कि उक्त योजनाओं के विज्ञापन की सूचना राज्य में स्थित समस्त विश्वविद्यालयो एवं महाविद्यालयों को श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर के माध्यम से दी जावे। (प्रति संलग्न)**

अतः अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना के विज्ञापन को राज्य में स्थित समस्त विश्वविद्यालयो, एवं महाविद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावे जिससे योजना का अधिकाधिक प्रचार–प्रसार हो सके एवं अधिक से अधिक शोधार्थी आवेदन कर पाए।

योजनाओ का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| | अम्बेडकर फैलोशिप योजना 2025–26 | अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना 2025–26 |
|---|---|---|
| पात्रता | 01. आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो एवं अनुसूचित जाति का सदस्य हो।<br>02. परिवार के समस्त स्त्रोतो से आय 2.5 लाख से अधिक न हो।<br>03. स्नातकोत्तर (Post greaduate) न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो।<br>04. विधि द्वारा स्थापित राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पी.एचडी पाठयकम में छः विषयो (राजनीति | 01. आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो एवं अनुसूचित जाति का सदस्य हो।<br>02. परिवार के समस्त स्त्रोतो से आय 6.00 लाख से अधिक न हो।<br>03. स्नातकोत्तर (Post greaduate) न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो।<br>04. भारत के बाहर विदेशी विश्वविद्यालय (संबंधित देश के प्राधिकृत निकाय से प्रत्यायन विश्वविद्यालय / शैक्षणिक संस्था) में पी.एचडी |

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग डायरी संख्या......960 दिनांक......7/7/2025

CCE (JD) JD (Aca) 4/7/25 3 7.7.25 Prof. Naveen Ji 08/7/25 Sh. Bhagchand Ji 08-07-2025 96 8/7/25

| | | |
|---|---|---|
| | शास्त्र, समाज शास्त्र, लोक प्रशासन, विधि, अर्थ शास्त्र, मानव शास्त्र) में प्रवेशित हो।<br>05. आवेदक की आयु विज्ञापन जारी करने की तिथि को 35 वर्ष से अधिक न हो। | (राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, लोक प्रशासन, विधि, अर्थ शास्त्र, मानव शास्त्र) में प्रवेशित हो।<br>05. आवेदक की आयु विज्ञापन जारी करने की तिथि को 35 वर्ष से अधिक न हो। |
| परिवार में पात्र | एक परिवार (माता–पिता/संरक्षक) के अधिकतम 2 संतान योजना में आवेदन कर सकते है। | — |
| फैलोशिप / छात्रवृति राशि | (कुल–5.40 लाख)<br>15000 प्रति माह (अधिकतम तीन वर्ष या पी.एचड़ी पाठयक्रम समाप्ति जो भी पहले हो) | (कुल–25 लाख रूपए)<br>प्रथम वर्ष–10 लाख रूपये।<br>द्वितीय वर्ष–10 लाख रूपये।<br>तृतीय वर्ष–5 लाख रूपये। |
| कुल लाभार्थी | 6 शोधार्थी प्रति वर्ष | 5 शोधार्थी प्रति वर्ष |
| आवेदन की तिथि | प्रारम्भः 15.07.2025 से<br>अंतिम तिथिः 14.08.2025 तक | प्रारम्भः 15.07.2025 से<br>अंतिम तिथिः 14.08.2025 तक |
| आवेदन पत्र/ विस्तृत जानकरी | विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र विभाग की निम्न वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है।<br>www.ambedkarfoundationjaipur.in | विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र विभाग की निम्न वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है।<br>www.ambedkarfoundationjaipur.in |
| ई–मेल | ambedkarfoundation@rajasthan.gov.in<br>secretaryapj@gmail.com | ambedkarfoundation@rajasthan.gov.in<br>secretaryapj@gmail.com |
| सम्पर्क सुत्र | **सुवालाल कोली (सहा. प्रौग्रामर) 6376889982** | **सुवालाल कोली (सहा. प्रौग्रामर) 6376889982** |

अतः श्रीमानं जी से निवेदन है कि उक्त दोनो योजनाओं के विज्ञापन को आपके विश्वविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाकर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावे जिससे ज्यादा से ज्यादा शोधार्थी योजना का लाभ ले सकें।

सादर।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

सचिव
डॉ. बी. आर अम्बेडकर फाउण्डेशन
(अम्बेडकर पीठ), मुण्डला, जयपुर

क्रमांकः एफ1(1)अपीज/फैलो./2025–26/168-69 दिनांक–यथा ई–हस्ताक्षरित

01. श्री सुवा लाल कोली, सहा. प्रोग्रामर को आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.07.25 को पत्र व्यक्तिश पहुचाना सुनिश्चित करे। नियमानुसार यात्रा भत्ता देय है।
02. रक्षित पत्रावली।

सचिव
डॉ. बी. आर अम्बेडकर फाउण्डेशन
(अम्बेडकर पीठ), मुण्डला, जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Suman Meena
Designation: Secretary
Date: 2025.07.03 13:21:39 IST
Reason: Approved

# राजस्थान सरकार
## कार्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ)
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

ग्राम–मूण्डला, पो.–रूपवास, तहसील–जमवारामगढ़, जिला–जयपुर, राजस्थान– 302027

Email ID :- secretaryapj@gmail.com


क्रमांकः एफ1 ()अम्बे.पीठ/राईस/मूण्डला/2022–23/ 1890 दिनांकः 15/03/2024

### बैठक कार्यवाही विवरण

अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 08.02.2024 को सांय 4:00 वजे शासन सचिवालय स्थित उनके कक्ष में डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला द्वारा राज्य के अनुसूचित जाति के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विधि द्वारा स्थापित राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में अपने स्तर पर प्रवेश लेने पर अम्बेडकर फैलोशिप योजना में फैलोशिप हेतु प्राप्त 5 आवेदनों में से छानबीन समिति द्वारा चयन किये गये एक योग्य आवेदक के अनुमोदन हेतु राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव, सान्याअवि, जयपुर।
3. संयुक्त शासन सचिव, (वित्त व्यय–2) विभाग, जयपुर।
4. प्रो. ओम प्रकाश महला, आचार्य लोक प्रशासन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

आयोजित बैठक में छानबीन समिति द्वारा फैलोशिप हेतु पात्रता के अनुरूप एक अभ्यर्थी को योग्य पाये जाने पर स्वीकृति हेतु प्रस्तावित किये जाने से अभ्यर्थी को निम्नानुसार वर्ष 2023–24 में अम्बेडकर फैलोशिप दिये जाने की अनुशंषा की गई :–

1. श्री कपिल देव वर्मा पुत्र श्री बाबू लाल वर्मा :– शोधार्थी विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के बिन्दु संख्या की [2] (1, 2 एवं 3) निर्धारित समस्त शर्तें पूर्ण करता है। शोधार्थी राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से "राजस्थान में लोक शिकायत निवारण तंत्र : जयपुर नगर निगम का एक अनुभवमूलक अध्ययन" शीर्षक पर शोध कर रहे है।

अम्बेडकर फैलोशिप योजना के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों की कम संख्या को देखते हुए समिति द्वारा अम्बेडकर फैलोशिप योजना के नियम–2017 में संशोधन हेतु निम्न सुझाव दिये गये :–

1 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के विद्यार्थियों की आवेदन हेतु वार्षिक आय सीमा राज्य सरकार द्वारा 8.00 लाख रूपये निर्धारित की गई है, के मध्यनजर अम्बेडकर फैलोशिप हेतु विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के बिन्दु संख्या 2(2) में वर्णित अभ्यर्थी के परिवार की समस्त स्त्रोतों से अर्जित आय 2.50 लाख रूपये को बढ़ाकर 8.00 लाख रूपये वार्षिक किया जावे। आय सीमा बढ़ाये जाने पर अधिक आवेदन प्राप्त हो सकेंगे।

2 विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के बिन्दु संख्या 7 (अ) में वर्णित फैलोशिप हेतु प्रतिमाह देय राशि 15000/– रूपये से बढ़ाकर 35,000/– रूपये [illegible] विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त शोध फैलोशिप के समान किया जावे।

Signature valid
5,341,3 Digitally signed by Sonda Ram Meena
Designation : Additional Director
Date: 2024.03.[illegible] 7:56:44 IST
Reason: Approved

3 विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के बिन्दु संख्या [illegible] संख्या 6 से बढ़ाकर 10 की जावे।

4 अम्बेडकर फैलोशिप का नया विज्ञापन जारी किया जायें एवं विज्ञापन जारी करने की सूचना प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को प्रेषित की जावे, ताकि योजना की जानकारी अधिकतम विद्यार्थियों तक पहुंच सके एवं आवेदन प्राप्त हो सके।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(सून्डाराम मीणा)
अतिरिक्त निदेशक राईस

क्रमांकः एफ1 ( )अम्बे.पीठ / राईस / मूण्डला / 2022-23 / 1891-97 दिनांकः 16/08/2024

प्रतिलिपि निम्न का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत हैः-

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
2. सचिव, अम्बेडकर पीठ, मूण्डला, जयपुर।
3. प्रो. ओम प्रकाश महला, आचार्य लोकप्रशासन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव, सान्याअवि, जयपुर।
5. निजी सचिव, संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय-2) विभाग, शासन सचिवालय जयपुर।
6. अतिरिक्त निदेशक, (छात्रवृति एवं छात्रावास), मुख्यालय।
7. रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त निदेशक राईस

RajKaj Ref
5634188

Signature valid
Digitally signed by Soonda Ram Meena
Designation : Additional Director
Date: 2024.03.[illegible] 17:56:44 IST
Reason: Approved



**राज्य सरकार की अभिनव पहल**



Shri Bhajan Lal Sharma (Honorable Chief Minister)



Shri Avinash Gehlot (Honorable Cabinet Minister)

# अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना
## वर्ष 2025–26

### अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पी-एच.डी. स्तर पर विदेश में अनुसन्धान के लिए 25.00 लाख रूपये तक की सहायता

**योजना से सम्बन्धित दिशा–निर्देश, योजना के लाभ लेने हेतु योग्यता एवं प्रक्रियां**

(1) योजनान्तर्गत आवेदन हेतु न्यूनतम योग्यता एवं पात्रताः–

I. आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो।
विधि द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, विधि, अर्थ शास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं मानव शास्त्र स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण विद्यार्थी, जिसके द्वारा न्यूनतम 55 प्रतिशत प्राप्तांक अर्जित किए गए हो।

II. भारत के बाहर के विदेशी विश्वविद्यालय (संबंधित देश के प्राधिकृत निकाय से प्रत्यायन (Accreditation) विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्थान) से निम्नांकित विषयों के पी-एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेशित हो:–

(2) आयु सीमाः– अभ्यर्थी की आयु योजनान्तर्गत जारी विज्ञापन की तिथि को 35 वर्ष से कम हो।

(3) आय सीमाः– अभ्यर्थी के सम्पूर्ण परिवार की समस्त स्त्रोतों से अर्जित आय 6.00 लाख रूपये वार्षिक से अधिक न हो।

(4) विद्यार्थी उक्त योजना के अतिरिक्त अन्य किसी विभाग/संस्थान से छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर रहा हो। विद्यार्थी को इस आशय की वचनबद्धता 100/– रूपये नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर अभ्यर्थी को प्रस्तुत करनी होगी।

(5) अभ्यर्थी राजस्थान राज्य की अनुसूचित जाति वर्ग का मूल निवासी हो।

(6) वित्तीय सहायताः– अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में अपने स्तर पर पी-एच.डी. में प्रवेश लेने पर उक्त योजनान्तर्गत अधिकतम 25.00 लाख रूपये की सहायता उपलब्ध करवाई जायेगी। उक्त छात्रवृत्ति निम्नानुसार स्वीकृत की जाएंगीः–

(i) प्रथम वर्ष – 10.00 लाख रूपये
(ii) द्वितीय वर्ष – 10.00 लाख रूपये
(iii) तृतीय वर्ष – 5.00 लाख रूपये

(7) आवेदन की प्रक्रियाः– योजनान्तर्गत सबंधित आवेदन को निम्नानुसार आवेदन करना होगाः–

(अ) अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति हेतु आवेदन दिनांक 15.07.2025 से 14.08.2025 तक आवेदन करना होगा।

(ब) आवेदन पत्र के साथ आयु. वार्षिक आय, जाति एवं पी-एच.डी. हेतु संबंधित विश्वविद्यालय के शोध विभाग द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र, शोध शीर्षक एवं रूपरेखा आदि दस्तावेज संलग्न करने होंगे।

(स) आय प्रमाण पत्र राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करना होगा।

(द) छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र सचिव, अम्बेडकर पीठ, मूण्डला, जमवारामगढ़, जयपुर को ई–मेल/डाक द्वारा भिजवाना होगा। (ई–मेल आई.डी. secretaryapj@gmail.com, Govt.Mail Id.: ambedkarfoundation@RAJASTHAN.GOV.IN)

(य) विद्यार्थी द्वारा किये गये शोध कार्य को प्रति वर्ष की प्रगति रिपोर्ट विभाग को प्रस्तुत की जायेगी एवं शोध कार्य पूर्ण होने पर प्रति विभाग को भी उपलब्ध करायी जाएगी।

(8) चयन प्रक्रियाः– आवेदकों से प्राप्त पूर्ण आवेदन पत्रों में से छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अधिकतम 05 आवेदकों का चयन एवं अनुमोदन छानबीन समिति एवं राज्य अनुमोदन समिति द्वारा किया जायेगा।

(9) योजना की जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की वेबसाईट www.ambedkarfoundationjaipur.in एवं www.sje.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**योजनान्तर्गत अधिकतम देय राशि – 25,00,000 रूपये (3 वर्षों के लिए) प्रतिवर्ष 5 विद्यार्थियों का चयन**

Dr. B. R. Ambedkar Foundation, Jaipur

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ)**
**(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)**
ग्राम– मूण्डला, पोस्ट– रूपवास, तहसील– जमवारामगढ़, जिला– जयपुर, राजस्थान–302027

E:\Dell files\Dell\Financial Year 2025-26\Ambedkar Fellowship\2024-25\Fellowship Advertisement 2024-25\2025-26\Ambedkar Fellowship Rules 2025-26.docx



**राज्य सरकार की अभिनव पहल**



Shri Bhajan Lal Sharma (Honorable Chief Minister)



Shri Avinash Gehlot (Honorable Cabinet Minister)

# अम्बेडकर फैलोशिप योजना वर्ष 2025–26

## अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पी-एच.डी. स्तर पर राज्य में अनुसन्धान के लिए 5.40 लाख रूपये तक की सहायता

**योजना से सम्बन्धित दिशा–निर्देश, योजना के लाभ लेने हेतु योग्यता एवं प्रक्रियां**

(1) योजनान्तर्गत आवेदन हेतु न्यूनतम योग्यता एवं पात्रताः–

I. आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो।

II. समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, विधि, अर्थ शास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं मानव शास्त्र में 55 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

III. विधि द्वारा स्थापित राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित निम्नांकित विषयों के पी-एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेशित होः–

(a) समाजशास्त्र (b) लोक प्रशासन (c) विधि (d) अर्थ शास्त्र (e) राजनीति शास्त्र (f) मानव शास्त्र

iv. चयन प्रक्रिया में केन्द्रीय या राज्य के राजकीय विश्वविद्यालयों में प्रवेशित शोधार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

v. अभ्यर्थी की आयु योजनान्तर्गत जारी विज्ञापन की तिथि को 35 वर्ष से कम हो।

vi. अभ्यर्थी राजस्थान की अनुसूचित जाति वर्ग का मूल निवासी हो।

(2) आय सीमाः– अभ्यर्थी के सम्पूर्ण परिवार की समस्त स्त्रोतों से अर्जित आय 2.50 लाख रूपये वार्षिक से अधिक न हो।

(3) आवेदन की प्रक्रियाः– योजनान्तर्गत संबंधित आवेदन की निम्नानुसार आवेदन करना होगाः–

(अ) अम्बेडकर फैलोशिप हेतु आवेदन दिनांक 15.07.2025 से 14.08.2025 तक आवेदन करना होगा।

(ब) विद्यार्थी उक्त योजना के अतिरिक्त अन्य किसी विभाग/संस्थान से फैलोशिप प्राप्त नहीं कर रहा हो। विद्यार्थी को इस आशय की वचनबद्धता 100/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अभ्यर्थी को प्रस्तुत करनी होगी।

(स) आवेदन पत्र के साथ आयु, वार्षिक आय, मूल निवास, जाति एवं पी-एच.डी. हेतु संबंधित विश्वविद्यालय के शोध विभाग द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र, शोध शीर्षक एवं रूपरेखा आदि दस्तावेज संलग्न करने होंगे।

(द) आय प्रमाण पत्र राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करना होगा।

(य) फैलोशिप हेतु आवेदन पत्र सचिव, अम्बेडकर पीठ, मूण्डला, जमवारामगढ़, जयपुर को ई–मेल/डाक द्वारा भिजवाना होगा। (ई–मेल आई.डी. secretaryapj@gmail.com, Govt.Mail Id.: ambedkarfoundation@RAJASTHAN.GOV.IN)

(4) चयन प्रक्रियाः– आवेदकों से प्राप्त पूर्ण आवेदन पत्रों में से फैलोशिप योजनान्तर्गत अधिकतम 06 आवेदकों का चयन एवं अनुमोदन छानबीन समिति एवं राज्य अनुमोदन समिति द्वारा किया जायेगा।

(5) योजना की जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की वेबसाईट www.ambedkarfoundationjaipur.in एवं www.sje.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**योजनान्तर्गत फैलोशिप के रूप मे अधिकतम देय राशि – 15,000 रूपये (3 वर्षों के लिए) प्रतिवर्ष 6 विद्यार्थियों का चयन**

Dr. B. R. Ambedkar Foundation, Jaipur

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ)**
**(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)**
ग्राम– मूण्डला, पोस्ट– रूपवास, तहसील– जमवारामगढ़, जिला– जयपुर, राजस्थान–302027

# Dr. B.R. Ambedkar Foundation

(Social Justice and Empowerment Deptt. Govt.of Raj.)

## Vill. Mundala, Teh. Jamwaramgarh, Jaipur

Dr. B. R. Ambedkar Foundation, Jaipur



DETAILED APPLICATION FORM FOR
DR. B.R. AMBEDKAR FELLOWSHIP FOR SC CANDIDATE
(2025-2026)

Passport Size Photo

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **Candidate's Status** | | |
| | 1.1 | Candidate's Home State | |
| | 1.2 | Select the Caste Category | |
| | 1.3 | Are you Physically Handicapped? | |
| 2 | **Personal Information** | | |
| | 2.1 | Candidate's Name | |
| | 2.2 | Gender | |
| | 2.3 | Date of Birth | |
| | 2.4 | Nationality | |
| | 2.5 | Father's Name | |
| | 2.6 | Mother's Name | |
| 3 | **Contact Information** | | |
| | 3.1 | Present Address | |
| | 3.2 | City/Town | |
| | 3.3 | Pin Code | |
| | 3.4 | State | |
| | 3.5 | E-Mail address | |
| | 3.6 | Contact Number | |
| 4 | **Post-Graduate Qualifications** | | |
| | 4.1 | Examination Name | |
| | 4.2 | Year of Passing | |
| | 4.3 | College/university | |
| | 4.4 | Subject Taken | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 4.5 | Division | |
| | 4.6 | Percentage | |
| 5 | Institute Details | | |
| | 5.1 | Research Topic Status | |
| | 5.2 | Research Work Leading to Award of a Degree | |
| | 5.3 | Select Institute | |
| | 5.4 | Department/School | |
| 6 | Research Topic (Provide details of research topics proposed to be taker) | | |
| | 6.1 | Stream | |
| | 6.2 | Subject of Research | |
| | 6.3 | Title on research | |
| | 6.4 | Abstract (Attached details in separate paper) | |
| 7 | Supervisor Details | | |
| | 7.1 | Supervisor's Name | |
| | 7.2 | Supervisor's Designation | |
| | 7.3 | Supervisor's Department | |
| | 7.4 | Supervisor's E-Mail | |
| 8 | Scholarship Details | | |
| | 8.1 | Are you availing any scholarship/Fellowship at Present? | |
| | 8.2 | Source of Scholarship/Fellowship | |
| | 8.3 | Topic of the Research | |
| | 8.4 | Whether the work has been completed/on going | |
| | 8.5 | Date of commencement and completion of Scholarship | |
| 9 | Employment Details ("Yes" if you are employed, "No" if you are not) | | |
| 10 | Any other information relevant to the research work, which you may like to give in support of your application | | |

**(Signature of Applicant)**

Dr. B. R. Ambedkar Foundation, Jaipur

# Dr. B.R. Ambedkar Foundation

(Social Justice and Empowerment Deptt. Govt.of Raj.)

## Vill. Mundala, Teh. Jamwaramgarh, Jaipur



### DETAILED APPLICATION FORM FOR DR. B.R. AMBEDKAR INTERNATIONAL SCHOLARSHIP FOR SC CANDIDATE (2025-2026)

Passport Size Photo

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Candidate's Status | | |
| | 1.1 | Candidate's Home State | |
| | 1.2 | Select the Caste Category | |
| | 1.3 | Are you Physically Handicapped? | |
| 2 | Personal Information | | |
| | 2.1 | Candidate's Name | |
| | 2.2 | Gender | |
| | 2.3 | Date of Birth | |
| | 2.4 | Nationality | |
| | 2.5 | Father's Name | |
| | 2.6 | Mother's Name | |
| 3 | Contact Information | | |
| | 3.1 | Present Address | |
| | 3.2 | City/Town | |
| | 3.3 | Pin Code | |
| | 3.4 | State | |
| | 3.5 | E-Mail address | |
| | 3.6 | Contact Number | |
| 4 | Post-Graduate Qualifications | | |
| | 4.1 | Examination Name | |
| | 4.2 | Year of Passing | |
| | 4.3 | College/university | |
| | 4.4 | Subject Taken | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 4.5 | Division | |
| | 4.6 | Percentage | |
| 5 | Institute Details | | |
| | 5.1 | Research Topic Status | |
| | 5.2 | Research Work Leading to Award of a Degree | |
| | 5.3 | Select Institute | |
| | 5.4 | Department/School | |
| 6 | Research Topic (Provide details of research topics proposed to be taker) | | |
| | 6.1 | Stream | |
| | 6.2 | Subject of Research | |
| | 6.3 | Title on research | |
| | 6.4 | Abstract (Attached details in separate paper) | |
| 7 | Supervisor Details | | |
| | 7.1 | Supervisor's Name | |
| | 7.2 | Supervisor's Designation | |
| | 7.3 | Supervisor's Department | |
| | 7.4 | Supervisor's E-Mail | |
| 8 | Scholarship Details | | |
| | 8.1 | Are you availing any scholarship/Fellowship at Present? | |
| | 8.2 | Source of Scholarship/Fellowship | |
| | 8.3 | Topic of the Research | |
| | 8.4 | Whether the work has been completed/on going | |
| | 8.5 | Date of commencement and completion of Scholarship | |
| 9 | Employment Details ("Yes" if you are employed, "No" if you are not) | | |
| 10 | Any other information relevant to the research work, which you may like to give in support of your application | | |

(Signature of Applicant)